**खबर संक्षेप**

## मंडला की शुचि उपाध्याय ग्वालियर रवाना, मध्यप्रदेश सीनियर टीम में शामिल होंगी



**मण्डला।** मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने सीनियर बालिका टीम में लिए शुचि उपाध्याय को शामिल किया है। शुचि आज ग्वालियर चंबल के लिया रवाना होंगी। सीनियर एक दिवसीय टूर्नामेंट के कैंप एवं प्रैक्टिस मैच के लिए मध्यप्रदेश टीम की घोषणा हो गई है यह टीम उत्तराखंड के काशीपुर में मैच खेलेगी। शुचि उपाध्याय को जबलपुर डिविजन क्रिकेट संघ के अध्यक्ष डाक्टर निशीथ पटेल, सुशील रजक, धर्मेश पटेल, एवं डीसीए मंडला से भीष्म द्विवेदी, अजय मिश्रा, इम्तियाज अली, ललित जोशी, अनिल जी सोनी, अक्षय चंद्रोल, पंकज दुबे, अर्जुन भांडे, फैजान खान, निशांत झा, शिवांशु तिवारी सहित सभी खेल प्रेमियों ने सफल प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।

### मंडला फोर्ट रेलवे स्टेशन आज भी लंबी दूरी की ट्रेनों से वंचित

# विकास के मुद्दों पर भी हो एकजुटता?

* दलगत भावनाओं से ऊपर उठने की जरूरत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडला




मंडला जिले के नाम परिवर्तन को लेकर हाल के दिनों में जिस तरह व्यापक और संगठित विरोध देखने को मिला, उसने एक बार फिर जिले की राजनीतिक चेतना को सामने ला दिया। लेकिन इसी विरोध के बीच एक बड़ा सवाल भी खड़ा हो गया है-क्या मंडला की लड़ाई सिर्फ नामों तक सीमित रह गई है?

स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों का कहना है कि जितनी तीव्रता और एकजुटता जिले के नाम को लेकर दिखाई दी, यदि उतनी ही मजबूती से वर्षों से लंबित रेल सुविधाओं की मांग उठाई जाती, तो आज मंडला को यह दिन नहीं देखना पड़ता।

आज भी मंडला फोर्ट रेलवे स्टेशन से किसी भी लंबी दूरी की नियमित एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन नहीं हो रहा है। यात्रियों को जबलपुर, नैनपुर जैसे अन्य स्टेशनों पर निर्भर रहना पड़ता है। यह स्थिति तब और पीड़ादायक हो जाती है जब मंडला जैसे ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आदिवासी बहुल जिले को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की बातें लगातार की जाती रही हैं।

स्थानीय लोगों का स्पष्ट कहना है कि यदि जिले में गोंड समाज सहित हजारों नागरिक एक बार रेल सुविधाओं की मांग को लेकर संगठित हो जाएं, तो सरकार और रेलवे प्रशासन को गंभीरता से सुनना ही पड़ेगा। लोगों ने सुझाव दिया है कि मंडला फोर्ट रेलवे स्टेशन का नाम वीरांगना रानी दुर्गावती के नाम पर रखा जाए, ताकि गोंडवाना के गौरवशाली इतिहास को सम्मान मिले। साथ ही मंडला फोर्ट से "गोंडवाना एक्सप्रेस" जैसी स्थायी और प्रतीकात्मक ट्रेन सेवा शुरू की जाए, जिससे क्षेत्र की पहचान और कनेक्टिविटी दोनों मजबूत हों।



नागरिकों का कहना है कि यह कोई नई मांग नहीं है। वर्षों से घोषणाएं होती रही हैं, योजनाओं की फाइलें चलती रही हैं, लेकिन मंडला को रेल नेटवर्क से जोड़ने की ठोस पहल आज तक जमीन पर नहीं उतर सकी।

अब सवाल यह है कि क्या जिले की राजनीतिक चेतना केवल नाम परिवर्तन जैसे प्रतीकात्मक मुद्दों तक सीमित रहेगी? या फिर मंडला की जनता की असल जरूरतें रेल, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य पर भी उतनी ही मजबूती से आवाज उठेगी?

जनता चाहती है कि सरकार और जनप्रतिनिधि अब सिर्फ नामों पर नहीं, बल्कि विकास के ठोस सवालों पर भी जवाब दें।

**इनका कहना है :-**

*बिलासपुर मंडला जबलपुर और पेंड्रा अमरकंटक डिंडोरी मंडला घंसौर लखनादौन गोटेगांव नरसिंहपुर नई रेल लाइन को प्राथमिकता के साथ बजट में शामिल किया जाए।*

**-चंद्रमोहन सराफ, रेल्वे संघर्ष समिति मंडला**

*रेलवे सरकार ने देशभर में 5 वर्षों के भीतर टर्मिनल स्टेशनों के विस्तार और विकास का लक्ष्य तय किया है।यदि मंडला फोर्ट को टर्मिनल स्टेशन के रूप में विकसित कर वहीं कोचिंग डिपो का निर्माण किया जाता है,नई ट्रेनों की शुरुआत, समयपालन, कोच मेंटेनेंस और यात्री सुविधाएं अपने-आप मिलेंगी।यह मंडला संवैधानिक मांग है।*

**-नितिन सोलंकी, आम नागरिक मंडला**

*मंडला फोर्ट में नवीन रेलमार्ग लंबी दूरी की ट्रेन चलने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, चिकित्सा सेवाओं का फायदा होगा पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इसके लिए राजनीति भूलकर सभी को एकजुट होना पड़ेगा।*

**-अखिलेश सोनी, समाजसेवी**

## मैली पंचायत में पानी की किल्लत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडला/नारायणगंज

जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत मैली में विगत 15 दिनों से पानी की किल्लत हो रही है जिससे लोग सुबह से ही पानी के लिए परेशान हो रहे हैं ग्राम पंचायत द्वारा कोई व्यवस्था नहीं हो रही है ग्राम के लोगों ने बताया कि विगत 15 दिनों से पानी नहीं मिल रहा है जिसके कारण लोग दूर जाकर पानी लाते हैं ग्राम पंचायत इस और ध्यान नहीं दे रही है जिससे लोगों को सुबह उठकर ही ठंडी के समय पानी के लिए भटकना पड़ रहा है लोगों ने बताया कि पानी की टंकी के पास जो बस्ती के अंदर सप्लाई होती है पाइपलाइन फट जाने के कारण लोगों को पानी समय पर नहीं मिल पा रहा है और ना ही पंचायत इस और ध्यान नहीं दे रही है जिससे लोग पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं इस भीषण ठंड और कोहरे के कारण लोगों को पानी के लिए लाइन लगाने पड़ रही है मैली में बीच सड़क में गंदा पानी बह रहा है जिसकी व्यवस्था पंचायत द्वारा नहीं की जा रही है इस गंदे पानी के पास पाइपलाइन बिछी हुई है जिसके कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और साथ ही बीमारी का खतरा बना हुआ है मुख्य कार्यपालन अधिकारी से लोगों ने मांग की है कि तत्काल ठोस कार्रवाई की जावे जिससे पानी की व्यवस्था हो सके।



## 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**मण्डला।** कु. तापेश्वरी पिता श्री भागचंद निवासी ग्राम बरगा, तहसील निवास की 15 अगस्त 2025 को सर्पदंश से मृत्यु हो जाने के कारण निकटतम वारसान को 4 लाख रूपए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व निवास के द्वारा मृतक के निकटतम वारसान पिता भागचंद पिता हीरालाल परते के खाते में आर्थिक सहायता की राशि प्रदाय की गई है।

## मध्य प्रदेश कार्यभारित दैनिक वेतन भोगी एवं (स्थायी) कर्मचारी श्रमिक महासंघ ने अपनी मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडला

बुधवार को मध्य प्रदेश कार्यभारित दैनिक वेतन भोगी एवं (स्थायी) कर्मचारी श्रमिक महासंघ ने अपनी मांगों को लेकर कलेक्टर कार्यालय में मुख्य मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन है। ज्ञापन में कहा गया है कि मध्य प्रदेश दैनिक वेतन भोग विभागों में लगभग 25 से 30 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे हैं एवं सन्दर्भित परिपत्र अनुसार, लेख हैं, मध्य प्रदेश शासन के मंत्री परिषद में बैठक दिनांक 16.12.2025, कैबिनेट के निर्णय के प्रेस वार्ता में उपमुख्यमंत्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस दिनांक 16.12.2025 में स्थाई कर्मीयों को नियमित के समान सुविधाएं / व्यवस्था प्रावधानों में उल्लेख किया गया था। संदर्भ वित्त विभाग द्वारा जारी परिपत्र में स्थाई पत्र दिनांक 22.12 2025 को कंडिका 2.5 के क्रम में पेज नंबर 4 स्थाई कर्मी कर्मचारी के संबंध में उल्लेख किया गया है। जिसमें स्थाई कर्मियों को नियमित के समान सविधाएं एवं नियमितकरण का कोई उल्लेख नहीं किया गया है जबकिपूर्व में सामान्य प्रशासन विभाग मध्य प्रदेश शासन पत्र क्रमांक F5-1/2013/5 भोपाल दिनांक 7 अक्टबर 2016 को परिशिष्ट ₹अ₹ के क्रम में नियमित करण के प्रावधान किए गए थे में उल्लेखित हैं।

ज्ञापन में कहा गया है कि उपरोक्त के अनुसार दैनिक 'वेतन भोगी कर्मचारियों में भ्रम की सिथिति उत्पन्न को लेकर असंतोष व्याप्त हैं। संगठन ने अनुरोध किया है कि दैनिक वेतन भोगी की जायज मांगों पर गंभीरता से विचार कर समाधान किया जाए।

## अवैध शराब के विरुद्ध की गई कार्यवाही



**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन में तथा जिला आबकारी अधिकारी रामजी पांडेय के मार्गदर्शन में मड़ईजर ग्राम में मदिरा का अवैध रूप से निर्माण करने वाले अड्डों पर दबिश देकर कार्यवाही की गई। इस दौरान अलग-अलग अड्डों से 180 डब्बे महुआ लाहन के बरामद किए गए। प्रत्येक डब्बों में लगभग 10 किलो महुआ लाहन भरा था। इस तरह लगभग 1800 किलो महुआ लाहन को घटनास्थल पर नष्ट किया गया। इसके अलावा मदिरा निर्माण करने वाले अड्डो से 110 लीटर कच्ची मदिरा बरामद की गई। जप्त मदिरा और लाहन की अनुमानित कीमत 1 लाख 96 हजार 500 रूपए है। आबकारी बल को देखकर आरोपी भाग गए तथा अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया। इस दौरान आबकारी उपनिरीक्षक शैली सैयाम, सर्वेश नागवंशी, सचिन मंडलोई, मुख्य आरक्षक हरे सिंह, दुर्जन कुलेश, भानु पुसाम, आरक्षक रघुनाथ उइके, विजय कमलेश, नेतराम ककोटिया, सत्यपाल मरावी, शकुंतला सैयाम उपस्थित रहे।

## सड़क सुरक्षा को लेकर महत्वपूर्ण बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडला

जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर पुलिस कंट्रोल रूम में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा की संयुक्त अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में परिवहन, पुलिस, आरटीओ सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक में निर्देश दिए गए कि ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर अनिवार्य रूप से रेडियम पट्टी लगाई जाए, ताकि रात्रि के समय दुर्घटनाओं की संभावना कम हो। हेलमेट और सीटबेल्ट पहनकर ही वाहन चलाने पर विशेष जोर दिया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार जुर्माना एवं कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में आरटीओ को निर्देश देकर कहा गया कि जिले के वाहन डीलर्स की बैठक आयोजित करें। उपभोक्ताओं द्वारा नए वाहन की खरीदी करने पर दो हेलमेट अनिवार्य रूप से खरीदना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि केवल नियम बनाना पर्याप्त नहीं, लोगों के व्यवहार में बदलाव लाना बेहद जरूरी है।

इस क्रम में स्कूलों और महाविद्यालयों के विद्यार्थियों से संवाद, यातायात जागरूकता कार्यक्रम तथा अनुभाग स्तर पर भी ऐसी बैठकों के आयोजन के निर्देश दिए गए। साथ ही हेलमेट वितरण कार्यक्रम चलाने पर सहमति बनी। बैठक में अपील की गई कि रैश ड्राइविंग, स्टंट न करें, सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी समझें और निभाएं। इसके अलावा राहवीर योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर दिया गया। बिना लाइसेंस वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए।

अधिकारियों ने यह भी कहा कि बिना हेलमेट या सीट बेल्ट के दुर्घटनाओं के दुष्प्रभाव तथा हेलमेट/सीट बेल्ट लगाने से बची जानों की वास्तविक कहानियाँ (प्रतिक्रिया/अनुभव) आमजन तक पहुंचाई जाएँ, ताकि लोगों में जागरूकता और जिम्मेदार व्यवहार विकसित हो सके।

## नोटिस

भीम ठाकुर पिता स्व. श्री थम्मनसिंह ठाकुर निवासी ग्राम खड़देवरा पोस्ट पदमी तहसील व जिला मंडला।

मुझे श्री नोहर सिंह पिता स्व. थम्मनसिंह ठाकुर निवासी ग्राम खड़देवरा पोस्ट पदमी तहसील व जिला मंडला म.प्र. ने अधिकृत व निर्देशित किया है कि मैं आपको निम्नानुसार सूचना पत्र प्रेषित कर मांग करूं यह कि, मेरा सायल और आप नोटिसी आपस में सगे भाई है तथा आप नोटिसी और मेरे सायल के नाम से ग्राम खड़देवरा में भूमि खसरा नम्बर 240 रकवा 0.030 हे. श्री उक्त भूमि का बटवारा होने पर मेरे सायल के नाम से खसरा नम्बर 240/1, रकवा 0.0150 हे. तथा आप नोटिसी के नाम से खसरा नम्बर 240/2 रकवा 0.0150 हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज है। यह कि, आप नोटिसी के द्वारा अपने नाम की भूमि खसरा नम्बर 240/2 रकवा 0.0150 हे. ग्राम खड़देवरा का सीमांकन कराया गया है, उक्त सीमांकन से मेरा पक्षकार संतुष्ट नहीं है। यह कि, मेरे पक्षाकर को ज्ञात हुआ है कि आप अपने नाम की भूमि खसरा नम्बर 240/2 ग्राम खड़देवरा को किसी अन्य व्यक्ति को बेचने में अमादा है, चूंकि उक्त भूमि खानदानी भूमि है मेरा पक्षकार उक्त भूमि को कय करने में इच्छुक है तथा अन्य व्यक्ति उक्त भूमि को जितनी राशि में कय करने हेतु तैयार है उतनी राशि में मेरा पक्षकार उक्त भूमि को कय करने हेतु तत्पर है, खानदानी भूमि होने से उक्त भूमि को कय करने हेतु अन्य खरीददार की अपेक्षा मेरा पक्षकार प्राथमिकता रखता है। अतः इस नोटिस के जरिए आपको सूचित किया जाता है कि आपके स्वामित्व की भूमि खसरा नम्बर 240/2 रकया 0.0150 हे. ग्राम खड़देवरा को यदि आप विक्रय हेतु अमादा है तो मेरा पक्षकार उक्त भूमि को वास्तविक बाजार मूल्य पर लेने हेतु तत्पर होने से, आप उक्त भूमि को किसी अन्य व्यक्ति को विकय ना करें अन्यथा मेरे पक्षकार से आपके विरूद्ध उक्त विक्रय संव्यवहार के संबंध में वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु मुझे स्पष्ट निर्देश प्राप्त है।

**यश यादव**
**अधिवक्ता सिविल कोर्ट मंडला म.प्र.**

## मंडला फोर्ट रेलवे स्टेशन पर ऑटो चालकों का विरोध प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडला

मंडला फोर्ट रेलवे स्टेशन पर आज ऑटो चालकों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। ऑटो चालकों ने स्टेशन परिसर में बनी निर्धारित पार्किंग में ऑटो न खड़ा कर स्टेशन के एंट्री गेट के पास सड़क पर ऑटो खड़े कर दिए। ऑटो चालकों का कहना था कि स्टेशन की पार्किंग में ऑटो खड़ा करने पर 20 शुल्क देना पड़ता है, लेकिन इसके बावजूद कई बार उन्हें सवारी नहीं मिलती। वहीं, दूसरी ओर कुछ ऑटो चालक स्टेशन के बाहर सड़क पर बिना पार्किंग शुल्क दिए ऑटो खड़े कर लेते हैं और वहीं सवारी लेकर चले जाते हैं। ऑटो चालकों ने रेलवे प्रशासन से मांग की कि सड़क पर अवैध रूप से ऑटो खड़े कर सवारी ले जाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। इस मुद्दे को लेकर ऑटो चालक संघ, पार्किंग ठेकेदार के बीच चर्चा हुई। चर्चा के बाद पार्किंग ठेकेदार और ऑटो चालकों के बीच आपसी सहमति बन गई। पार्किंग ठेकेदार ने आश्वासन दिया कि सड़क पर अवैध रूप से ऑटो खड़े करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। सहमति के बाद सभी ऑटो चालकों ने तय पार्किंग स्थल में ही ऑटो खड़े करने पर सहमति जताई, जिससे स्थिति सामान्य हो गई।

**समझाईश** | यातायात जागरूकता के लिए निकाली गई बाइक रैली।

# पहले समझाईश फिर होगी दंडात्मक कार्यवाही

* सड़कों की स्थिति को लेकर भी निकले रैली।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडला





सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति नागरिकों को जागरूक करने एवं उनका पालन करने के उद्देश्य से पुलिस लाइन मंडला से यातायात जागरूकता बाइक रैली निकाली गई। रैली में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा स्वयं बाइक पर सवार होकर शामिल हुए और आमजन को नियमों का पालन करने का सशक्त संदेश दिया। सड़क सुरक्षा नियम नहीं, जीवन रक्षक उपाय हैं। इस बाइक रैली को नगरपालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह बाइक रैली पुलिस लाइन मंडला से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों नेहरू स्मारक, बैगा-बैगी चौक, चिलमन चौक, बस स्टेंड, लालीपुर, बिंझिया, माहिष्मती घाट, महाराजपुर से होती हुई पुनः पुलिस लाइन में ही समाप्त हुई। रैली के दौरान अधिकारियों एवं प्रतिभागियों ने यातायात नियमों का पालन करते हुए अनुशासित तरीके से शहर भ्रमण किया।

कलेक्टर एवं एसपी ने नागरिकों से अपील की कि सड़क पर सुरक्षित यात्रा के लिए नियमों का पालन अनिवार्य है। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि हेलमेट पहनना जरूरी है, सीट बेल्ट अवश्य लगाएं और गति सीमा का पालन करें और नशे में वाहन न चलाएं। इस जागरूकता गतिविधियों का उद्देश्य दुर्घटनाओं में कमी लाना है।

उन्होंने मीडिया से रूबरू होते हुए स्पष्ट किया कि प्रशासन द्वारा इस माह 26 जनवरी तक जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। इसके अंतर्गत जो शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारी टूव्हीलर एवं फोर व्हीलर वाहन से कार्यालय जाते हैं, उन्हें हेलमेट एवं सीटबेल्ट लगाना अनिवार्य है। अगले सोमवार से नियमों का उल्लंघन करने वाले अधिकारी, कर्मचारियों पर दंडात्मक कार्यवाही की जायेगी। प्रशासन का उद्देश्य दंड देना नहीं, बल्कि लोगों की जान बचाना है, इसलिए पहले समझाइश दी जाएगी और नियमों की अनदेखी करने पर ही दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही 26 जनवरी के बाद से आम नागरिकों पर भी यह लागू किया जायेगा। आम नागरिकों से अपील है कि यातायात नियमों का पालन करें, सड़क दुर्घटना में परिवार के किसी सदस्य की मृत्यु पूरे परिवार के लिए आजीवन पीड़ा और कठिनाइयों का कारण बन जाता है। एक छोटी-सी लापरवाही न केवल एक व्यक्ति, बल्कि पूरे परिवार के भविष्य को प्रभावित कर सकती है।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, एडिशनल एसपी श्री शिवकुमार वर्मा, एसडीएम श्रीमती सोनल सिडाम, एसडीओपी श्री पीयुष मिश्रा, थाना प्रभारी, यातायात प्रभारी सहित पुलिस विभाग का अमला मौजूद रहा।

## खबर संक्षेप

### लूडो खेलने से मना किये जाने पर कर दी पिटाई

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस शहर के डोलाबाबा निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरे घर के पास सोनू कहार रहाता है। वही बीते हुये दिवस प्रार्थी से लूडो खेलने का बाता तो उसने लूडो खेलने से मना किये जाने कीब ात को लेकर आरोपी सोनू कहार द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये हाथ में पहने हुये कडा से मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### महिला से मारपीट करते हुये दांत तोड़ा

**गाडरवारा।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम कौड़िया निवासी एक महिला द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने घर के पास नाली के समीप मुंह धो रही थी उसी दौरान पडौसी महिला आई और बोली की यहां पर मुंह नही धोना तो प्रार्थिया बोली की मै तो अपने घर के पास मुंह धो रही हूं। इसके बाद शाल भाट नामक युवक द्वारा प्रार्थिया को गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट कर चोट पहुंचाई जिसके चलते महिला का दांत टूट जाने पर पुलिस द्वारा प्रार्थिया की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### मासूम को पालतू कुत्ते के काटने पर मामला दर्ज

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस शहर की नर्मदा कालोनी निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि वह सड़क पर अपने भांजे शिवांक के साथ घूम रहा था उसी दौरान मुहल्ले का सुनील सोनी भी अपने कुत्ते को चेन में बांधकर घुमा रहा था। अचानक सुनील सोनी के कुत्ते द्वारा प्रार्थी के भांजे के पैर में काटने के चलते पुलिस द्वारा प्रार्थी की शिकायत पर मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### खेत में सिंचाई को लेकर पिता पुत्र ने मिलकर चाचा से की मारपीट

**चीचली।** स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम सिंहपुर छोटा निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि हम चार भाई हैं, हमारी पैतृक जमीन का हिस्सा बटवारा हो गया है एवं चारों अपनी अपनी जमीन पर काबिज हैं। मेरा खेत मेरे मंझले भाई दिनेश राय के खेत दोनों तरफ है। मेरा खेत मंझले भाई दिनेश के खेत के दोनों तरफ होने से खेत की सिंचाई हेतु मंझले भाई के खेत की मेड़ पर पूर्व से पाईप बिछाकर सिंचाई करते आ रहा हूँ। इसी प्रकार से बीते हुये दिवस जब प्रार्थी अपने खेत पर चना की फसल की सिंचाई कर रहा था। उसी समय मंझला भाई दिनेश राय और उसका लड़का भीमेश राय आये बोले कि हम अपने खेत पर पाईप बिछाकर सिंचाई नहीं करने देंगे। इसी बात को लेकर दोनो पिता पुत्र एक राय होकर गंदी गंदी गालिया देते हुये लाठी से मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी पिता पुत्र के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### पैसा नहीं देने पर पत्थर मारकर चोट पहुंचाई

**सांईखेड़ा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम पिटरास निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब में अपने बटियार दम्मू नौरिया के पास जा रहा था तो रास्ते में गांव का बिन्दू नौरिया नामक व्यक्ति मिला जो प्रार्थी से पैसा मांगने लगा। प्रार्थी द्वारा जब पैसा देने से इंकार किया तो आरोपी द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये रास्ते में डला हुआ पत्थर फेककर मारा जिससे प्रार्थी को चोटे आई। वही आरोपी द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

# बिगड़ती हुई कानून व्यवस्था का खुला प्रमाण, जिला अधिकारी के आदेश मात्र अखबारों की सुर्खियो तक हो रहे सीमित, अधीनस्थ अधिकारियों की मनमानी पड़ रही भारी...?







**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

जब किसी भी व्यक्ति की परेशानी या फिर बिगड़ती हुई व्यवस्थाओं में सुधार नही होता है तो लोग सक्षम अधिकारी के पास अपनी परेशानी लेकर पहुंचते है और उसे उम्मीद रहती है कि शायद अब व्यवस्थाओं सुधार हो जावेगा..? मगर हमारे जिले में जिला स्तर के अधिकारी के अधिनस्थ रहने वाले कर्मचारियों की मनमानी का हाल इस तरह दिखाई दे रहा है कि वह जब जिला अधिकारी के आदेश का पालन नही कर रहे है तो आम जतना उनसे क्या उम्मीद कर पायेगी..? प्रदेश व देश का शायद हमारा पहला जिला होगा जहां पर जिला अधिकारी के आदेशों का पालन होते हुये दिखाई न देने के चलते उनके आदेश मात्र अखबारों की सुर्खियों तक सीमित होकर रहते हुये जान पड़ रहे है..? हाल यह बना हुआ है कि मनमानी करने वालों के हौसले इतने बुलंद नजर आ रहे है कि वह खुलेआम नियम विरूद्ध कार्यो को अंजाम देते हुये आम जनता की जिन्दगी को खतरे में डालने से नही चूक रहे है। ज्ञात हो कि हर साल देखा जाता है कि गन्ना सीजन के दौरान बाहर से आने वाले ट्रेक्टर चालकों द्वारा जिस तरह अपने स्वार्थ को ध्यान में रखते हुये जब एक ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगाते हुये गन्ने का परिवहन करते है इससे आम लोगों की जिन्दगी को खतरा पैदा होने से नही चूकता है। इस बात की सच्चाई बीते हुये माह समीपस्थ ग्राम घघरौला पटना में डबल ट्राली लगाते हुये गन्ना का परिवहन करने वाले ट्रेक्टर ट्राली के पलटने के चलते एक युवक की मौत हो गई थी। वही दूसरी ओर आये दिन जहां तहां इन डबल ट्रालियों के संचालन के चलते सड़क दुर्घटनाये देखने मिल रही है..। वही दूसरी ओर बीते हुये वर्षो का रिकार्ड देखा जावे तो इस तरह नियम विरूद्ध एक ट्रेक्टर मे डबल ट्रालियो लगाकर चलने वाले ट्रेक्टरों के चलते घटित हुये अनेक घटनाओं में लोगों की मौते होते हुये देखी जा चुकी है। इस प्रकार से नियमों को नजर अंदाज करते हुये दौड़ने वाली इन ट्रालियों पर अंकुश लगाने के लिये जिला कलेक्टर द्वारा गलत मानते हुये इन पर रोक लगाने के प्रयास करने में कोई कसर नही छोड़ी गई है। क्योंकि जिला कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और समय- समय पर आयोजित बैठकों में खुले शब्दों में शुगर मिलों के संचालको सहित अपने अधिनस्थ अधिकारियों को इन पर रोक लगाने के लिये निर्देशित किया जा चुका है। मगर इस आदेश का पालन होते हुये दिखाई नही देने के चलते अखबारियों की सुर्खियों तक सिमित होकर रहते हुये जान पड़ रहा है..? वही दूसरी ओर बीते हुये माह यानि की 17 दिसम्बर को जिला कलेक्टर द्वारा गाडरवारा में जन सुनवाई आयोजित करने के उपरांत क्षेत्र का भ्रमण किया गया था तो उस दौरान उन्होंने इन डबल ट्रालियों की सच्चाई का नजारा अपनी आखों से देखते हुये खुद ही खड़े होकर कार्यवाही कराने में कोई कसर नही छोड़ी गई थी। इसके बाद परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया था कि इस तरह नियमों के विपरित एक ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगाते हुये गन्ना परिवहन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जावे। जिला कलेक्टर के इस आदेश के बाद दो तीन दिन तो जिला मुख्यालय के आसपास की सड़को पर कार्यवाही होते हुये देखी गई थी। मगर यह कार्यवाही जिला मुख्यालय के आसपास सीमित होने के साथ चार दिन की चांदनी फिर अधियारी रात की कहावत को चरितार्थ करते हुये जान पड़..? गाडरवारा क्षेत्र में आज तक इस तरह डबल ट्रालियों को लेकर कार्यवाही होते हुये नही देखा गया। जबकि गौर किया जावे तो तो सबसे अधिक गन्ना मिलो का संचालन गाडरवारा क्षेत्र में ही संचालित होने के चलते एक ट्रेक्टर में डबल ट्रालियों का संचालन यहां पर होते हुये देखा जा रहा है। मगर यहां पर किसी तरह कोई कार्यवाही नही होने के कारण डबल ट्रालियों का संचालन करने वालों के हौसले इंतने बुलंद नजर आ रहे है कि वह खुलेआम शहरों से लेकर गांव गांव की सड़को पर मौत का सायरन बजाते हुये दिखाई देने से नही चूक रही है..? यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो गाडरवारा क्षेत्र के सांईखेड़ा, सालीचौका, चीचली में खुलेआम पुलिस की आंखों के सामने से इस तरह डबल ट्राली वाले ट्रेक्टरों को दौड़ते हुये देखा जा रहा है। इतना ही नही तहसील स्तर पर बैठे हुये सक्षम अधिकारी भी जब क्षेत्र के भ्रमण पर निकलते है तो वह भी इस सच्चाई को नजर अंदाज करते हुये अपने वाहनों को इन ट्रालियों के बाजू से चुपचाप निकाल कर निकलने से नही चूकते है..? इस तरह डबल ट्राली लगाते हुये गन्ना परिवहन करने वालों के हौसले इतने बुलंद देखने मिल रही है कि वह अपनी ट्रालियों को ओवर लोडिंग करते हुये खुलेआम सड़को पर इस तरह दौड़ाते हुये देखे जा रहे है कि चढ़ाई वाले मार्गो पर यह ट्रेक्टर जमीन की जगह हवा में सैर करते हुये नजर आने से नही चूकते है..? इस तरह जमीन की जगह हवा में दौड़ने वाले इन ट्रेक्टर के बाजू से गुरजने वाले लोगों की जिन्दगी को सुरक्षित कहा जा सकता है...? अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि इस तरह डबल ट्रालियों का संचालन करने वाले इतने पावर फुल हो चुके है कि जिनकी मनमानी के सामने जिला कलेक्टर का आदेश भी बेअसर साबित होते हुये दिखाई देने लगा है..? इस तरह जिला कलेक्टर के आदेश का पालन नही होने के चलते जहां यह आदेश चर्चा का विषय बनने से नही चूक पा रहा है। वही दूसरी ओर जिला कलेक्टर के आदेश मात्र अखबारों की सुर्खिया बनते हुये दिखाई देने से नही चूक पा रहे है..? वही दूसरी ओर जिला अधिकारी के आदेशों को जिस तरह अधिनस्थ अधिकारियों द्वारा नजर अंदाज किया जा रहा है उसके चलते जन चर्चाओं में यह बात कही जाने लगी है कि जब जिला अधिकारी के आदेश का अधिनस्थ अधिकारी पालन नही कर रहे है तो फिर आमजन की समस्याओं के निदान की उम्मीद कैसे की जा सकती है...?

# ग्रामीण क्षेत्रों में जल सप्लाई की स्थिति बेहाल, गंदी नालियों के बीच से पहुंचने वाली पानी से बुझ रही प्यास




**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।**

प्रदेश के इंदौर में घटित हुई घटना के बाद जहां संपूर्ण प्रदेश में पीने वाले पानी को लेकर हडकंप की स्थिति दिखाई देने से नही चूक रही है। वही महा नगरों से लेकर शहरों में भी अब अपने जल सप्लाई की व्यवस्थाओं में सुधार करने के लिये सक्षम अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देष देते हुये देखा जा रहा है। मगर गांवों की ओर किसी तरह ध्यान नही दिये जाने के चलते यह सच्चाई प्रतीत होने से नही चूक रही है कि क्या गांवों में जनता नही रहती है..या फिर किसी घटना के बाद ही अधिकारियों की कुंभकर्णी निंद्रा भंग होगी..? जबकि सच्चाई पर गौर किया जावे तो क्षेत्र के अनेक गांवों में इस तरह के हाल देखने मिल सकता है जहां पर टंकियों के निर्माण होने के बाद आज तक सप्लाई नही हुई है और उन्ही के माध्यम से ग्रामीणों पेयजल सप्लाई होते हुये देखा जा रहा है तो दूसरी ओर गांव के नालियों के बीच डाले गये टूटे फूटे पाईपों के माध्यम से लोगों के घर तक पानी पहुंचते हुये देखा जा रहा है। मगर अधिकारियों का ध्यान गांवों की सच्चाई को नजर अंदाज करते सिर्फ शहरों तक ही सीमित होना चर्चा का विषय बनने से नही चूक पा रहा है..? वही दूसरी ओर सरकार की हर घर जल पहुंचाने की योजना के तहत गांवों में जिस तरह से कार्य किये गये है उसकी सच्चाई शायद ही किसी से छिपी नही होगी। क्योंकि इस कार्य में जहां गुणवत्ता को कोसो दूर छोड़ते हुये किये गये कार्य का परिणाम है कि गंदी नालियों के बीच से डाले गये पाईपों के कारण लोगों के घरों तक गंदा पानी पहुंचते हुये देखा जाता है। वही दूसरी ओर गांवों के पावर फुल सरपंच होने के चलते उन ग्रामीणों की शिकायतों को नजर अंदाज करना आम बात हो चुकी है और ग्रामीणों को वह पानी पीने के लिये मजबूर होते हुये देखा जा रहा है। इंदौर में घटित हुई घटना के चलते निश्चित शहरों में जल सप्लाई को लेकर अधिकारियों में कुछ गंभीरता दिखाई दे रही है। मगर ग्रामीण क्षेत्रों की सच्चाई को नजर अंदाज किये जाने से यह महसूस होने से नही चूक रहा है कि शायद जब किसी गांव में कोई घटना घटित होगी इसके बाद अधिकारियों द्वारा गांवों की ओर रूख किया जावेगा..?

# शराब पीने के लिये पैसा नहीं देने से की मारपीट

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** लोगों में जब किसी भी नशे की लत लग जाती है और उसे पूरा करने के लिये पैसा नही होते है तो वह अपनी लत को दूसरों से पैसों की मांग करते हुये पूर्ण करने में पीछे नही रहते है। यदि जब कोई व्यक्ति पैसा देने से इंकार करता है तो उसके साथ मारपीट जैसी घटनाओं को अंजाम देने से भी नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस समीपस्थ सांईखेड़ा पुलिस थाने के अंतर्गत देखने मिली। घटना के संबंध में समीपस्थ सांईखेडा पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम झिरिया माता



निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मै ठेकेदारी पर मजदूरी का काम करता हूं मै अपने बडे भाई राजकुमार और अपने दोस्तो प्रशांत लोधी, मोहित लोधी और आजाद भाईजान के साथ काम करने गाडरवारा गया था जहां से काम खत्म होने के बाद हम लोग वापस आ गये और अपने अपने घर जा रहे थे कि तभी भाई राजकुमार के पास दोस्त शिवम राजपूत का फोन आया तो राजकुमार ने बताया कि शिवम नागमडिया के पास बुला रहा है तो सभी लोग नाग मडिया के पास पहुंचे राजकुमार ने शिवम को फोन कर बताया कि मै आ गया हू तो शिवम अपने दोस्त पप्पू महाराज के साथ आया और शिवम मेरे से कहने लगा शराब पीने के लिए 300/- रूपये दो तो मैने कहा की पैसे नही है तो शिवम द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये थप्पड़ मारा वही उसके दोस्त पप्पू महाराज द्वारा लोहे की राड मारकर चोट पहुंचाई वही मेरे साथ वालों द्वारा बीच बचाव करने से वह चले गये और जाते जाते जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

# विकासखंड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट की बैठक में दिये निर्देश, द्वितीय चरण की ओलंपियाड परीक्षा में हो शत प्रतिशत उपस्थिति



**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** विकासखंड के जनपद शिक्षा केंद्र में विकास खंड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट तथा उल्लास नवभारत साक्षरता की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक को सम्बोधित करते हुए बीआरसी चीचली डी के पटैल ने आगामी 16 एवं 17 जनवरी को होने वाली द्वितीय चरण की ओलंपियाड परीक्षा में विद्यार्थियों की शत प्रतिशत उपस्थिति होने के निर्देष देते हुये परीक्षा पे चर्चा में रजिस्ट्रेशन, विकासखंड स्तरीय गणित विज्ञान सामाजिक विज्ञान पर्यावरण प्रदर्शनी के आयोजन, माध्यमिक विद्यालयों में स्मार्ट क्लास का संचालन के साथ साथ मेंटरिंग, बैगलेस डे की गतिविधि आयोजित करना तथा एफएलएन अभ्यास पुस्तिका पर कार्य, खाद्यान्न उठाव, ड्रॉप बॉक्स, पीएम पोषण आहार मॉनिटरिंग, आईवीआरएस मैसेज, आरएसके पोर्टल पर अर्ध वार्षिक परीक्षा के अंकों की प्रविष्टि, निर्माण कार्य अन्य बिंदुओं पर चर्चा करते हुये विस्तृत निर्देश दिए गये। वही बताया जाता है कि बैठक में उपस्थित बीएसी अरुण दुबे ने युवा दिवस पर होने वाले सूर्य नमस्कार कार्यक्रम, विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति, शाला संचालन में मुस्कान एप कंटेंट से संबंधित संवाद तथा अध्यापन में टीएलएम का उपयोग, ड्रॉपबॉक्स कार्य संबंधी चर्चा की गई। वही उल्लास नवभारत साक्षरता के समन्वयक लेखराम गौतम तथा सत्यम ताम्रकार द्वारा ने आगामी 15 जनवरी तक ग्राम, वार्ड, बसाहटों के असाक्षरों के शत प्रतिशत सर्वे, सामाजिक चेतना के संचालन, आदर्श सामाजिक चेतना केंद्र में आवश्यक सामग्री की व्यवस्था, अक्षर साथी चिन्हांकन, मॉनिटरिंग तथा सामाजिक चेतना पंजी के सतत अद्यतन की बात कही गई। इस बैठक मे अरुण दुबे, खुशबू ब्रिजपुरिया, प्रमोद साहू, सत्यम ताम्रकार, अजय नामदेव, संजय सोनी, हरिओम स्थापक, हेमंत पटैल, ललित पाराशर, हेमंत पटैल, हरीश गुप्ता, नरेश मेहरा, देवकरण रजक, वीरेंद्र रघुवंशी, संजय सिंह राजपूत, अजेश कुमरे, नेतराम कौरव, अभिषेक पाराशर, कैलाश कहार सहित अन्य लोग मौजूद थें।

# महीनों से खुली नाली दे रही घटनाओं को आमंत्रण, आये दिन पशुओं को गिरना बन चुकी आम बात




**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि नगर में विकास की गति जिस तरह से देखी जा रही है उसके चलते नगर की सूरत बदलते हुये दिखाई देने लगी है। मगर इन विकास कार्यो को पूर्ण करने की जिम्मेदारी निभाने वालों द्वारा बरती जा रही उदासीनता यह विकास कार्य आमजन की जिन्दगी के लिये खतरा बनने से नही चूक पा रहे है..? क्योंकि निर्माण कार्य करने वाली कंपनी की मनमानी कही जावे या फिर उदासीनता के चलते यह विकास कार्य अभिशाप के रूप में दिखाई देने लगे है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर के उत्सव भवन के पास बनाई जा रही नाली को देखते हुये जान पड़ रही है। बताया जाता है कि यहां पर गहरी नाली निर्माण के लिये लगभग एक माह पहले खुदाई की गई थी जिसके चलते नाली का निर्माण होने के बाद उसे पूरा नही जाना यहां पर रहने वाले लोगों सहित पशुओं की जिन्दगी को खतरे में डालने से नही चूक पा रही है..? बताया जाता है कि खुली पड़ी हुई इस नव निर्मित नाली में जहां आये दिन छोटे बच्चें निकलते समय गिरते हुये देखे जाते है। वही दूसरी ओर रात के समय जब कोई पशु नाली में गिर जाता है तो इस समय पड़ रही ठंड के बीच वह रात रात भर उसी नाली में पड़ रहता है। इस तरह खुली पड़ी हुई नाली मानव जीवन के साथ पशुओं की जिन्दगी को भी खतरे में डालते हुये दिखाई दे रही है।

# पंचायतों में पौधे के साथ प्लेट फार्म भी हो रहे हैं गायब, हर वर्ष लाखों खर्च होने के बाद भी दर्शन नहीं दे रहे पेड़

**हरिभूमि न्यूज/कल्याणपुर।**

राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना के तहत क्षेत्रवासियों की उम्मीद थी कि इस योजना के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत मे लगाए जा रहे पेड़ों से क्षेत्र हरित जिले मे स्थान पा सकेगा।



लेकिन आलम यह है कि लगाए गए पेड़ तों गायब ही है साथ ही उनके लिए बने प्लेट फार्म भी लगभग गायब होते जा रहे है। जिस कारण क्षेत्रवासियों का यह समना ग्राम पंचायतों के पिछली पंचवर्षीय सरपंच, सचिवों एवं योजना को लागू करने वाले अधिकारी एवं उपयांत्रियों की मनमानी की भेंट चढ़ने से नही चूक पाया है? जानकारी अनुसार क्षेत्र की अनेक ग्राम पंचायतों में वर्तमान समय तक बमुश्किल पचास प्रतिशत भी पेड़ सुरक्षित नही है अधिकतर ग्राम पंचायतों का हाल यह है कि लगभग सारे पेड़ सूख चुके है और उनके लिए बनाए गए प्लेट फार्म टूटकर विखरने लगे है। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र की प्रत्येक ग्राम पंचायतों मे ग्रामीणों को काम देने और हरियाली बढ़ानें के उद्देश्य से बड़ी संख्या मे पेड़ लगाए गए थे जिसके लिए करोड़ो रूपये का बजट खर्च किया गया है। इस योजना के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत मे वृक्षारोपण, वृक्षों की सुरक्षा एवं सिंचाई पर लगभग लाखो रूपये की राशि खर्च की गई है। लेकिन इस खर्च का कोई मतलब नही दिखाई दे रहा है? बीते हुए वर्षो में इस योजना के अंतर्गत तहसील के लगभग प्रत्येक ग्राम पंचायतों मे पौधें लगाने के लिए राशि उपलब्ध कराई गई थी। लेकिन ट्री गार्ड के निर्माण कार्यो में अनेकों ग्राम पंचायतो मे अनियमितता बरती गई है? जिसका जीता जागता उदाहरण जनपद पंचायत चीचली, सांईखेड़ा व चांवरपाठा की अनेक ग्राम पंचायत में जाकर देखा जा सकता है। हैरत की बात तो यह है कि क्षेत्र के आला अधिकारी भी इस विषय की जानकारी रखते हुये भी इस ओर कड़े कदम उठाने की बजाय चुप्पी साधें हुये है। क्षेत्र मे जहां कही भी हरियाली महोत्सव के नाम राशि को खर्च किया गया है। वहां यह योजना दम तोड़ चुकी नजर आ रही है। काबिल गौर है कि रोजगार गारंटी योजना के तहत मजदूरों को काम मुहैया कराने व विकास के उद्देश्य से यह योजना क्रियान्वित की गई थी। लेकिन जहां कही भी यह योजना हरियाली महोत्सव के नाम पर चलाई गई वहां परिणाम केवल कागजों मे सिमट कर रह गए है। वस्तु स्थिति कुछ अलग बयां कर रही है कि ट्री गार्ड तो निर्माण करवाये गए थें। लेकिन पौधे तैयार नही हो सके,क्षेत्र की अनेक ग्राम पंचायतों मे जाकर देखा जाए तो ट्री गार्ड के नाम पर इस राशि का बंदरवाट जमकर किया गया है? वही कुछ पंचायातों में तो ट्री गार्ड के नाम से राशि निकालकर पौधों के चारो ओर बेसर्म की बाड़ी लगा दी गई थी, जिससे पैसा की जगह बेसर्म तैयार हो गई है। पूर्व के पंचायती राज कार्यकाल के समय मे रहे सरपंच और सचिव तथा अधिकारियों की मिली भगत दिखाई दे रही है, इसके लिए समूचा प्रशासन तंत्र व ग्राम पंचायत के जन प्रतिनिधियों की अनियमितताएं खुले रूप मे उजागर हो रही है..? विभिन्न ग्राम पंचायतों के विगत पंचवर्षीय मे सरपंच, सचिव व अधिकारियों की इस घोर अनियमितता के चलते क्षेत्रवासियों का हरित क्रांति का सपना अधूरा रह गया है..?

खबर संक्षेप

## जनपद पंचायत बजाग में निर्वाचित महिला नेतृत्व को सशक्त बनाने तीन दिवसीय प्रशिक्षण



**डिंडौरी।** जनपद पंचायत बजाग में निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। प्रशिक्षण का आयोजन जनपद पंचायत बजाग के सभाकक्ष में "बदलाव का नेतृत्व : स्थानीय सुशासन और उससे परे महिला नेतृत्व को सशक्त बनाना" विषय पर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत बजाग की अध्यक्ष श्रीमती फूलकली मरावी ने की। इस अवसर पर उपाध्यक्ष राधेश्याम कुशराम, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), सरपंच, उपसरपंच एवं पंच उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिवस में ग्राम पंचायतों की निर्वाचित महिला सरपंच, उपसरपंच एवं महिला पंचों को सरपंच, उपसरपंच एवं पंचों के अधिकार एवं कर्तव्य, जीपीडीपी प्लानिंग, तथा स्थानीय सुशासन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान संस्था के प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनरों के माध्यम से दी गई। प्रशिक्षण को रोचक एवं प्रभावी बनाने के लिए गतिविधियों, खेलकूद, समूह चर्चा एवं डायग्राम के माध्यम से विषयों को समझाया गया।कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी सरपंच, उपसरपंच एवं महिला पंचों से फीडबैक फॉर्म भरवाए गए तथा उन्हें प्रशिक्षण प्रमाण पत्र डाउनलोड कर प्रदान किए गए। समूह फोटो के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत समापन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में समस्त जनप्रतिनिधि, प्रदान संस्था के मास्टर ट्रेनर, बीसी-आरजीएसए से जुड़े प्रतिनिधि एवं जनपद पंचायत का स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला जनप्रतिनिधियों में नेतृत्व क्षमता का विकास कर उन्हें सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना रहा।

## सुपर सीडर यंत्र से किसानों को मिलेगा नरवाई प्रबंधन में लाभ



**डिंडोरी ।** नरवाई प्रबंधन एवं आधुनिक कृषि तकनीकों को बढ़ावा देने के उद्धेश्य से कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया द्वारा ग्राम कैलवारा निवासी कृषक रवि शंकर आर्मो को सुपर सीडर यंत्र क्रय हेतु स्वीकृति पत्र एवं अनुदान पत्र प्रदान किया गया। इस योजना के अंतर्गत कृषक को 1,20,000 की अनुदान राशि का लाभ मिला है।सुपर सीडर यंत्र पर यह अनुदान संचालनालय कृषि अभियांत्रिकी, मध्यप्रदेश शासन द्वारा ई-अनुदान डीबीटी पोर्टल के माध्यम से प्रदान किया जाता है। यह यंत्र नरवाई प्रबंधन के लिए अत्यंत उपयोगी है, जिससे किसान फसल कटाई के बाद खेत में पड़ी पराली अथवा नरवाई में बिना आग लगाए सीधे बोनी कर सकते हैं। सुपर सीडर के उपयोग से धान, गेहूं, मूंग एवं सोयाबीन जैसी फसलों की कटाई के उपरांत एक ही यंत्र से जुताई के साथ-साथ खाद एवं बीज की बुवाई संभव होती है।

## पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित हुआ सेवा निवृत्ति सम्मान समारोह

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश पुलिस विभाग में दीर्घकालीन, निष्ठावान एवं सराहनीय सेवाएँ प्रदान करने के पश्चात सहायक उप निरीक्षक (कां.) हीरा लाल सिंह 31 दिसंबर को 62 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर शासकीय सेवा से सेवा निवृत्त हो गए। इस अवसर पर उनका सेवा निवृत्ति सम्मान समारोह पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित किया गया। हीरा लाल सिंह का जन्म 01 जनवरी 1964 को हुआ। उन्होंने 14 दिसंबर 1983 को जिला शहडोल (म.प्र.) में आरक्षक (जीडी) के पद पर भर्ती होकर पुलिस विभाग में अपनी सेवाएँ प्रारंभ कीं। सेवाकाल के दौरान उन्होंने 03 सितंबर 2011 को प्रधान आरक्षक तथा 28 जुलाई 2015 को सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्राप्त की। अपने 42 वर्ष 00 माह 17 दिन के दीर्घ सेवाकाल में उन्होंने जिला शहडोल, जिला पुलिस बल डिंडोरी एवं जिला पुलिस बल अनूपपुर में कर्तव्य निर्वहन किया। इस दौरान उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें कुल 176 ईनाम प्राप्त हुए।

# विक्षिप्त को मिला संरक्षण, उपचार की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के विशेष प्रयासों से जिले में लंबे समय से घूम रहे विक्षिप्त व्यक्तियों को सुरक्षित संरक्षण प्रदान करते हुए उनके उपचार की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।







**डिंडौरी ।**

इसी क्रम में ग्राम पंचायत पिपरिया, विकासखंड शहपुरा की मूल निवासी विक्षिप्त महिला बसंती वरकडे, जो विगत 13 वर्षों से मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं तथा बिना बताए कहीं भी चली जाती थीं, को कपिलधारा आश्रम, अमरकंटक से खोजकर लाया गया। वर्तमान में उन्हें नर्मदा वृद्धा आश्रम, साकेत नगर (डिंडौरी) में रखा गया है, जहाँ सभी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं।

इसी प्रकार ग्राम पंचायत छांटा, विकासखंड डिंडौरी के स्थायी निवासी श्री ईश्वर प्रसाद (उम्र 36 वर्ष), जो विवाहित हैं तथा एक 8 वर्षीय बच्चे के पिता हैं, मानसिक अस्वस्थता के कारण परिजनों से मारपीट कर कहीं भी चले जाते थे। उन्हें भी आम रास्ते से खोजकर सुरक्षित रूप से वृद्धा आश्रम में रखा गया है। इसके अतिरिक्त एक अन्य लगभग 38 वर्षीय अज्ञात विक्षुप्त महिला, जो न बोल पाने की स्थिति में हैं तथा जिनके परिवार अथवा ग्राम का कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है, को भी संरक्षण में लिया गया है। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के प्रयासों से तीनों विक्षुप्तों को जिले के विभिन्न स्थानों से सुरक्षित लाकर नर्मदा वृद्धा आश्रम, साकेत नगर में रखा गया। आज 07 जनवरी 2026 को कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने आश्रम पहुँचकर विक्षुप्तों से वार्तालाप किया। इस अवसर पर दो विक्षुप्तों के परिजन उपस्थित रहे, जिनसे विस्तृत जानकारी ली गई। परिवारजनों की सहमति से उपचार हेतु एनजीओ 'प्रभूजी सेवा संस्था', डबरा (ग्वालियर) के माध्यम से आगे की प्रक्रिया सुनिश्चित की गई है। संस्था के संचालक डॉ. हर्षवर्धन सिंह राठौर ने बताया कि संस्था विगत 8 वर्षों से निरंतर ऐसे विक्षुप्त व्यक्तियों का उपचार कर उन्हें स्वस्थ कर उनके परिवारों से पुनर्मिलन कराती आ रही है। यह व्यवस्था सीईओ जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी के विशेष प्रयासों से संभव हुई है, जिनके द्वारा डबरा से संस्था को आमंत्रित किया गया। उल्लेखनीय है कि श्री चौधरी ने पूर्व में डबरा तहसील में एसडीएम रहते हुए भी इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

कलेक्टर ने स्वयं परिवारजनों एवं प्रभूजी सेवा संस्था के प्रतिनिधियों से विस्तृत चर्चा कर परिवारजनों के शपथ पत्र एवं सहमति पत्र के आधार पर विक्षुप्तों के सुरक्षित आवागमन की निःशुल्क व्यवस्था सुनिश्चित की। उपचार के दौरान उनके साथ परिवार के सदस्य को भी जाने की अनुमति दी गई है। यह पहल प्रशासन की संवेदनशीलता एवं समन्वित प्रयासों का उत्कृष्ट उदाहरण है, जिससे विक्षुप्त व्यक्तियों को सम्मानजनक जीवन, उपचार एवं परिवार से पुनर्मिलन का अवसर प्राप्त होगा।

# भाजपा की संगठनात्मक मजबूती पर जोरः शहपुरा मंडल के दो शक्ति केंद्रों की कामकाजी बैठक संपन्न



**शहपुराः**

भारतीय जनता पार्टी के संगठन को निचले स्तर तक सक्रिय करने के उद्देश्य से शहपुरा मंडल के अंतर्गत दो महत्वपूर्ण शक्ति केंद्रों— बिछिया एवं दलका बाधा बांसा की कामकाजी बैठकें संपन्न हुईं। इन बैठकों में आगामी कार्ययोजना और बूथ स्तर की मजबूती पर विस्तृत चर्चा की गई।शक्ति केंद्र बिछिया की बैठक का आयोजन कृषि उपज मंडी में किया गया, वहीं दलका बाधा बांसा की बैठक फॉसिल्स पार्क घुघवा में आयोजित हुई। इन बैठकों में मुख्य वक्ता के रूप में क्षेत्र के विधायक ओमप्रकाश धुर्वे विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बूथ समिति और 'पंच परमेश्वर' पर चर्चा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की असली ताकत बूथ स्तर का कार्यकर्ता है। बैठक में बूथ समिति और पंच परमेश्वर की भूमिका पर चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं को उनकी जिम्मेदारियां सौंपी गईं। वक्ताओं ने जोर दिया कि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने में कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम है।बैठक में जिला महामंत्री बद्री प्रसाद साहू, श्रीमती इंद्रावती धुर्वे, दुर्गेश साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष भजन चक्रवर्ती, मंडल महामंत्री नितिन गुप्ता एवं बसंत कुशराम सहित वरिष्ठ नेता मनोहर सोनी , संतोष साहू, अरुण अग्रवाल, तुलसीदास गुप्ता, कंधे टेकाम, किशन झारिया, हीरालाल साहू और अमित कछवाहा सहित शक्ति केंद्र के अध्यक्ष, बूथ समिति के सदस्य और सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक का समापन संगठनात्मक लक्ष्यों को पूरा करने के संकल्प के साथ हुआ।



## धूमधाम से हुई हनुमान जी की मूर्ति की प्राण - प्रतिष्ठा, भक्तों में उत्साह

**डिंडोरी ।** क़स्बा शाहपुर बनवासी मोहल्ला हनुमानताल के किनारे नवनिर्मित मंदिर में बजरंगबली की भव्य प्रतिमा की विधि - विधान से प्राण - प्रतिष्ठा की गई, जिससे समूचा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा! सुबह से ही यज्ञ मंडप में वैदिक मंत्रो का उच्चारण शुरू हो गया था और आचार्य पंडित रामायण गौतम वृंदावन धाम एवं पंडित राधेश्याम चतुर्वेदी जी के नेतृत्व में विशेष पूजा अर्चना की गई प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व हनुमान जी की प्रतिमा को फूलों और ध्वजाओं से रथ पर विराजमान कर भव्य शोभायात्रा कस्बे में निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया! नवनिर्मित मंदिर परिसर में तीन दिवसीय यज्ञ का समापन हुआ जिसमें पूर्णाहुति और हवन किया गया शुभ मुहूर्त( सुबह 09:39 से 11:17 बजे तक)में विशेष मंत्रोच्चार के साथ मूर्ति में प्राणों का संचार किया गया, जिससे प्रतिमा जीवंत हो उठी! सभी भक्तों के लिये विशाल भंडारे का आयोजन कन्या भोजन के पश्चात किया गया जिसमें प्रसाद वितरण किया गया!

## ग्राम पंचायत ढोंड़ा के सचिव पर लापरवाही के आरोप, सरपंच ने की जिला पंचायत से शिकायत



**शहपुरा ।** शहपुरा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत ढोंड़ा के सचिव की कार्यशैली को लेकर गंभीर शिकायत सामने आई है। ग्राम पंचायत की सरपंच द्वारा जिला पंचायत डिंडोरी में अपने ही पंचायत सचिव के विरुद्ध लिखित शिकायत प्रस्तुत की गई है।शिकायत में उल्लेख किया गया है कि सचिव द्वारा नियमित रूप से कार्यालय में अनुपस्थित रहना, ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण न करना, शासकीय विकास कार्यों में लापरवाही बरतना तथा शासन की महत्वपूर्ण आवास योजनाओं में हितग्राहियों को अनावश्यक रूप से भटकाया जाना जैसी गंभीर अनियमितताएं की जा रही हैं। सचिव के कर्तव्यों के प्रति उदासीन रवैये के कारण पंचायत के कार्य प्रभावित हो रहे हैं, जिससे सरपंच को शिकायत दर्ज करानी पड़ी।

वहीं ग्राम के स्थानीय निवासियों ने भी सरपंच को ज्ञापन सौंपते हुए सचिव को तत्काल हटाने एवं किसी अन्य योग्य व्यक्ति को सचिव पद पर नियुक्त करने की मांग की है, ताकि शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं प्रभावित न हों।इस संबंध में ग्रामवासियों द्वारा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डिंडोरी को भी लिखित आवेदन सौंपा गया है। आवेदन में ग्राम की सरपंच सुशीला बाई द्वारा सचिव को पद से हटाकर किसी अन्य व्यक्ति को सचिव पद पर पदस्थ करने का निवेदन किया गया है।अब देखना होगा कि जिला पंचायत प्रशासन इस शिकायत पर क्या कार्रवाई करता है और ग्राम पंचायत ढोंड़ा में प्रशासनिक व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए कौन से कदम उठाए जाते हैं।

# ग्राम चांदपुर में हाई स्कूल भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन सम्पन्न

**डिंडौरी ।**



ग्राम चांदपुर, जिला डिण्डौरी में हाई स्कूल भवन के निर्माण कार्य का भूमि पूजन समारोह सोमवार को गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। विधायक ओमप्रकाश धुर्वे की अध्यक्षता में विधिवत भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष रूदेश परस्ते, अध्यक्ष जनपद पंचायत अमरपुर हन्नू सिंह पट्टा, सदस्य जनपद पंचायत अमरपुर प्रीतम सिंह मरावी, सदस्य जनपद पंचायत अमरपुर रामकिशोर ठाकुर, सरपंच ग्राम पंचायत अमरपुर अमृत सिंह परस्ते सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। हाई स्कूल भवन निर्माण कार्य हेतु शासन द्वारा रूपये 139.29 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। उक्त निर्माण कार्य को 06 माह (वर्षाकाल सहित) की समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए ठेकेदार मो. सुजात खान, डिण्डौरी को कार्यादेश जारी किया गया है।शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने अपने उद्बोधन में कहा कि ग्राम चांदपुर में हाईस्कूल भवन का निर्माण क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचलों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। विधायक धुर्वे ने कहा कि नवीन हाई स्कूल भवन के निर्माण से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा, जिससे वे मन लगाकर अध्ययन कर सकेंगे। उन्होंने क्षेत्र के अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजंप और शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण निर्मित करें। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा ही समाज के समग्र विकास की आधारशिला है। शासन द्वारा गांव-गांव तक शिक्षा, स्वास्थ्य एवं बुनियादी सुविधाएं पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। विधायक धुर्वे ने विश्वास व्यक्त किया कि निर्धारित समय-सीमा में भवन निर्माण पूर्ण होने के बाद इसका लाभ ग्राम चांदपुर सहित आसपास के अनेक ग्रामों के विद्यार्थियों को मिलेगा। जनप्रतिनिधियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि हाई स्कूल भवन के निर्माण से ग्राम चांदपुर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं प्राप्त होंगी तथा शिक्षा के स्तर में गुणात्मक सुधार होगा। ग्रामवासियों ने इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए जनप्रतिनिधियों एवं शासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# जिला संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक संपन्न



**डिंडौरी।**

कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में बुधवार को कलक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक ली। जिला संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक में एजेंडा शामिल कर शीघ्र समाधान की मांग की गई मध्यप्रदेश शिक्षक संघ, अजाक्स (अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ), मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ एवं मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ सहित अन्य संगठनों ने संयुक्त रूप से अवगत कराया कि जिले में शिक्षकों व कर्मचारियों से संबंधित कई प्रशासनिक व वित्तीय प्रकरण लंबे समय से लंबित हैं। संगठनों द्वारा प्रमुख रूप से निम्न मांगें रखी गईं जिसमें शिक्षकों की समस्याओं के समाधान हेतु जिला स्तर पर नियमित बैठकें आयोजित करना। आकस्मिक/अतिरिक्त कार्यों के भुगतान, मानदेय एवं लंबित देयकों का शीघ्र भुगतान। तृतीय एवं चतुर्थ समयमान वेतनमान की स्वीकृति व लाभ प्रदान करना। अनुकंपा नियुक्ति, पदोन्नति, वरिष्ठता सूची एवं स्थानांतरण से संबंधित प्रकरणों का त्वरित निराकरण। अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के कर्मचारियों व विद्यार्थियों से संबंधित छात्रवृत्ति, परीक्षा शुल्क माफी तथा अन्य शासकीय लाभ समय पर उपलब्ध कराना एवं दैनिक वेतनभोगी एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के नियमितीकरण तथा सेवा शर्तों में सुधार। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया को अवगत कराया गया कि इन विषयों को जिला संयुक्त परामर्शदात्री समिति की आगामी बैठक में शामिल कर विभागीय समन्वय के साथ निर्णय लिया जाए, जिससे कर्मचारियों को समयबद्ध राहत मिल सके बैठक में अपर कलेक्टर जेपी यादव, डिप्टी कलेक्टर वैधनाथ वासनिक, म.प्र. लघु वेतन कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष प्रकाश सिंह चंदेल, म.प्र. शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष मनेन्द्र सिंह उद्दे, म.प्र. अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष बिहारी सिंह परस्ते, म.प्र. राज्य कर्मचारी संघ जिला संयोजक सोहन साहू, म.प्र. तृतीय वर्ग शासकीय संघ जिलाध्यक्ष रेवा कुशराम सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



## आरसेटी में राज मिस्त्री प्रशिक्षण बैच संपन्न, प्रशिक्षणार्थियों को मिले प्रमाण पत्र

**डिंडोरी।**

ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी डिंडोरी) में आयोजित राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह आज सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए तथा उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया गया।समारोह को संबोधित करते हुए आरसेटी निदेशक एस. एस. समद ने कहा कि वर्तमान समय में कुशल राजमिस्त्रियों की मांग निरंतर बढ़ रही है। यह प्रशिक्षण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सशक्त पहल है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से आह्वान किया कि वे अर्जित कौशल का उपयोग कर रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर सृजित करें।कार्यक्रम में विशेष रूप से डीपीएम अर्पणा सोनाकिया पांडे तथा डीएम स्किल भगत सिंह आर्मो की उपस्थिति रही। उन्होंने कहा कि ऐसे कौशल विकास कार्यक्रम ग्रामीण युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। समापन अवसर पर सभी प्रशिक्षुओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं तथा स्वरोजगार एवं उद्यमिता के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। साथ ही शासन की योजनाओं के अंतर्गत उपलब्ध ऋण सुविधाओं की जानकारी भी दी गई।कार्यक्रम में फैकल्टी सदस्य कु. दीपिका सिंगौर, ओम जी मिश्रा, प्रशिक्षक हरिदास राठौर, कार्यालय सहायक राधिका पड़वार, हंसराज एवं राम प्रसाद सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### नंदकिशोर शर्मा आज आकाशवाणी पर



तेंदूखेड़ा। क्षेत्र के जाने-माने वरिष्ठ शिक्षक पं. नंदकिशोर शर्मा आज शाम 7 20 बजे आकाशवाणी जबलपुर से प्रसारित होने वाले कृषि जगत कार्यक्रम में देशप्रेम ग्रामीण जन-जीवन व बेटी बचाओ विषय पर अपनी बुंदेली कविताओं की प्रस्तुति देंगे। श्री शर्मा आकाशवाणी व दूरदर्शन पर अब तक 18 बार प्रदेश व देश के विभिन्न मंचों पर भी सफल काव्यपाठ कर चुके हैं।इनकी कविताओं में स्वस्थ मनोरंजन के साथ-साथ भारतीय ग्राम्य जीवन सामाजिक सरोकारों व आम आदमी मजदूर किसान की समस्याओं की झलक देखने को मिलती है। उक्त कार्यक्रम अपने मोबाइल फोन पर प्रसार भारती का News on air ऐप डाउनलोड कर भी सुन सकते हैं।

### न्याय की मांग को लेकर युवक टावर पर चढ़ा



तेंदूखेड़ा। बुधवार को दोपहर को एक युवक रविकांत पिता बेनी लोधी नगर के वार्ड क्रमांक 06 में स्थित टाबर पर चढ़ गया।जिसे देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए।टाबर पर चढ़े युवक का कहना था कि उस पर झूठा मामला बनवाकर उसे जबरन फंसाया जा रहा है। वह न्याय की भीख मांग रहा है।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को नीचे उतारा और भरोसा दिलाया कि पहले पूरे मामले की जांच होगी इसके बाद ही यदि दोषी पाये जाओगे तो ही मामला दर्ज होगा।पूरा न्याय किया जायेगा।इस लेकिन इस तरह कि हरकतें शोभा नहीं देती। गौरतलब रहे कि बीते दिनों एक आपसी वाद बिवाद में कुछ महिलाओं के द्वारा इस युवक का नाम रिपोर्ट में लिखवा दिया था जिसमें उचित न्याय को लेकर उसने यह कदम उठाया था।थाना प्रभारी बी एल त्यागी का कहना है कि फिलहाल युवक को न्याय का भरोसा दिलाते हुए मामलें की निष्पक्ष जांच के बाद ही आगे कार्यवाही का भरोसा दिलाते हुए नीचे उतार लिया है और युवक के ब्यान लिए जा रहे हैं।

# तापमान में गिरावट, शीत लहर के साथ बढ़ी ठंड



### आग व गर्म कपड़ों का लिया जा रहा सहारा

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। जिले मे बीते दिनों ठंड का प्रकोप तेजी से बढ़ा है। ठंड के कारण जनजीवन पर भी प्रभाव पड़ रहा है। लोग घरों पर गर्म कपड़े व आग का सहारा लेते नजर आए। तेजी से आए मौसम के बदलाव ठंड का असर फसलों पर भी पड़ सकता है। मौसम मे हुए परिवर्तन के कारण किसान चिंतित बने हुए है बीते दिनों से पड़ रही ठंड के कारण पाला लगने की संभावना बढ़ रही है। ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा पांचवी तक के बच्चों का अवकाश घोषित कर दिया गया था वही शेष स्कूलों को सुबह 10 बजे के बाद संचालित करने के निर्देश दिए गए है। वही गुरूवार को स्कूलों की छुट्टी समाप्त हो जावेगी। मौसम साफ होने के बाद कड़ाके के ठंड व शीत लहर प्रारंभ हो गई। हालांकि ठंड फसलों के लिये लाभदायक है यदि आगे यदि अधिक ठंड बढ़ेगी तो फसलों को नुकसान हो सकता है। तापमान मे आई गिरावट लोगों जीवन पर भी प्रभाव डाल रही है।

### तापमान में रही काफी गिरावट

जिले में ठंड ने अपना प्रभाव बढ़ाना शुरू कर दिया है। मौसम विभाग के अनुसार, रात का न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया, जबकि सुबह 8 बजे यह 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन के तापमान के 23 डिग्री सेल्सियस तक रहा तापमान में इस गिरावट के चलते जिले में कोहरे का असर तेज हो गया है। स्थानीय लोग गर्म कपड़े और हीटर का ले रहे सहारा

नरसिंहपुर रेलवे स्टेशन पर सुबह कोहरे के कारण दृश्यता काफी कम हो गई, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। ट्रेनें आने-जाने की आवाज तो सुनाई दे रही थीं, लेकिन घने कोहरे के कारण कोच नंबर कुछ ही दूरी से दिखाई दे रहे थे। मौसम विभाग ने यह भी बताया कि आने वाले दिनों में ठंड और कोहरे का प्रकोप और बढ़ सकता है। स्थानीय लोग बढ़ती ठंड के बीच गर्म कपड़ों और हीटर का सहारा ले रहे हैं।

### आग व गर्म कपड़े बने सहारा

मौसम मे हुई तापमान गिरावट के कारण जिले में ठंड का प्रभाव बढ़ गया है। ठंड से बचने के लिये लोगो द्वारा गर्म कपड़े व आग का सहारा लिया जा रहा है। ठंड के कारण लोग यात्रा करने व आने जाने से भी परहेज किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा भी नगर के चिन्हित स्थानों पर अलाव जलाया जा रहा है। जिससे लोगों को ठंड से राहत प्राप्त कर सकें। वही नगर के जागरूक नागरिकों द्वारा ठंड से बचाव के लिये गर्म कपड़े दान किये जा रहे है जिससे ठंड से किसी भी प्रकार की कोई क्षति ना हो। प्रशासन द्वारा ठंड से पशु पक्षियों को बचाने के लिये वचाब की जानकारी साझा की जा रही है जिससे ठंड के कारण किसी प्रकार की कोई भी जनहानि ना हो सके।



### किसानों की बढ रही चिंताए

शीतलहर व अधिक ठंडी के कारण फसलों में पाला पड़ने की संभावना बढ़ती जा रही है। फसलों में पाला लगने की संभावना दिसंबर तथा जनवरी के महीने में रहती है। पाला के प्रभाव से प्रमुख रूप से टमाटर, बैंगन, आलू, फूलगोभी, मिर्च, धनिया, पालक, अरहर, मसूर, चना तथा कुछ मात्रा में गेहूं आदि के प्रभावित होने की ज्यादा संभावना रहती है। ठंड के कारण किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों सिचाई के लिए ठंड सबसे ज्यादा कष्ट होती नजर आ रही है। वही घर एवं दफ्तरों मे भी लोग गर्म कपड़ों का सहारा लेते नजर आ रहे है वही दिन मे सूर्य देवता की कृपा से ठंड का प्रभाव कम होता है लेकिन शाम ढलते ही ठंड पुनः तेज हो जाती है। किसानों को पाला से बचाव के उपाय भी बताए जा रहे है जिससे फसलों पर पाला ना लग सके।

# इंदिरा ज्योति अभियान की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। बुधवार को कांग्रेस से जुड़े सम्यक अभियान चले रामराज्य की ओर, इंदिरा ज्योति अभियान के तहत इंदिरा ज्योति यात्रा का आगमन हुआ। इस दौरान जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में सुप्रसिद्ध विचारक, लेखक भास्कर राव रोकडे ने बताया कि यह अभियान 2 मई 2022 से संचालित है। रोकड़े ने बताया कि हम चाहते हैं कि रामराज्य की स्थापना हो जिसमें सभी एक दूसरे के साथ सामानता और भाईचारे के साथ रहें। श्री रोकड़े ने पत्रकारों को इंदिरा गांधी से जुड़े कई संस्मरण और उनकी उपलब्धियों और उनके साहस को बताया। पत्रकारवार्ता के दौरान पूर्व सांसद एवं प्रदेश समिति अध्यक्ष सुरेन्द्र ठाकुर ने यात्रा के उद्देश्यों को बताया। पूर्व विधायक ने नरसिंहपुर जिले में इस अभियान की गतिविधियों की जानकारी दी। वहीं लेखक भास्कर राव रोकड़े ने बताया कि सम्यक अभियान के 9 मुद्दे हैं जिसमें केंद्र व राज्य शासन के सभी अधिकारियों, कर्मचारियो की सेवानिवृत्ति आयु अधिकतम 58 वर्ष केंद्र व राज्य शासन के सभी विभागों व उपक्रमों तथा निजी कंपनियों में आउटसोर्सिंग प्रणाली से प्रक्रिया पर रोक लगाना, भर्ती की प्रक्रिया पर पूर्णत रोक लगाकर नियमित नौकरियों की व्यवस्था सुनिश्चित करना, न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के समान ही प्रशिक्षित व शिक्षित वर्ग के कर्मचारियों हेतु न्यूनतम वेतन अधिनियम लागू कराके शासकीय व निजी क्षेत्र में समान कार्य के लिए एक-समान वेतन व्यवस्था सुनिश्चित करना, शासकीय व निजी क्षेत्र के उपक्रमों व उद्योगों में अधिकतम 8 घंटे की शिफ्ट ड्यूटी का प्रावधान तथा निजी क्षेत्र के कार्य-पद्धति से युक्त प्लेसमेंट डिपार्टमेंट स्थापित करना कर्मचारियों की अंधाधुंध छटनी के अधिकार कंपनी मालिको के पास न रहे, यह सुनिश्चित करने हेतु पारदर्शी, हर वर्ग के लिए आबादी के अनुपात में आरक्षण सुनिश्चित करने हेतु जातिगत जनगणना कराना तथा अर्हकारी व प्रतियोगी परीक्षाओं में सर्वाधिक अंक लाने वालो के लिए वर्ग-मुक्त उत्कृष्ट श्रेणी बनाकर, उत्कृष्ट श्रेणी के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करना, आधुनिक दौर में परंपरागत पेशा छीन जाने से सर्वाधिक पिछड़ी परंपरागत पेशेवर जातियों जैसे ढीमर, मांझी, बाथम, रैकवार, केवट, निषाद, नाई-सेन-नापित, रजक-धोबी, गोवारी, धनगर, गडरिया पॉल, बंजारा, कुम्हार-प्रजापति, कीर, पनिका, लोहार, विश्वकर्मा, सिलावट-कुमावत आदि के लिए अलग से अत्यंत पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) बनाकर उन्हे परंपरागत पेशे के अनुरूप औद्योगिक प्रशिक्षण देकर, अतिरिक्त सुविधाएं देकर मुख्यधारा से जोडना, दूसरे राज्य में बसने पर भी मिलना चाहिए, यह सुनिश्चित करना, जन्म-स्थान या पुश्तैनी निवास में जिस वर्ग में जाति रही हो, उसी वर्ग का लाभ नौकरी, पेशे या विवाह के कारण सेंट्रिक, किसानों को कृषि क्रांति से जोडने हेतु इंडस्टी-कम्युनिटी फार्मिंग सिस्टम विकसित करना तथा उनके पास जो रियासतकालीन अकूत संपत्ति है, उसे सरकारी संपत्ति घोषित करना आदि शामिल हैं। उक्त मौके पर पूर्व सांसद सुरेन्द्र ठाकुर, हेमराज सनकुले, डॉ. वेद आदि मौजूद थे।





# नर्मदा परिक्रमावासियों का किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। नर्मदा परिक्रमा कर 16 दिन बाद आए सभी नर्मदा परिक्रमा वासियों का जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष विवेक पटेल के निवास स्थान पर स्वागत सम्मान कर भंडारा किया गया। इस दौरान अनेक नर्मदा परिक्रमा वासियों ने यात्रा के अनुभव एवं नर्मदा परिक्रमा के महत्व को बताते हुए संपूर्ण व्यवस्था के साथ यात्रा कराने वाले समाजसेवी मनीष जाट के प्रति आभार व्यक्त किया।

# आपरेशन ईगल क्ला बेअसर, पुलिस थाने की दहलीज पर बिक रहा नशा, गर्त में जा रही युवा पीढ़ी

### धड़ल्ले से बिक रहा स्मैक, गांजा, पाउडर, नशे की मंडी में तब्दील नया बाजार

गोटेगांव, नरसिंहपुर। जिले में नशा माफियाओं की कमर तोड़ने के लिए पुलिस कप्तान द्वारा चलाया जा रहा ऑपरेशन ईगल गोटेगांव नगर में पूरी तरह विफल नजर आ रहा है। विडंबना की बात यह है कि गोटेगांव थाना परिसर से महज कुछ ही दूरी पर स्थित साप्ताहिक नया बाजार क्षेत्र में स्मैक और गांजे जैसे घातक मादक पदार्थों का कारोबार निर्बाध रूप से चल रहा है। पुलिस प्रशासन की नाक के नीचे चल रही इन अवैध गतिविधियों ने न केवल कानून-व्यवस्था को सीधी चुनौती दी है, बल्कि पूरे नगर की शांति और भविष्य को भी दांव पर लगा दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नशे के सौदागरों ने कानून से बचने के लिए अब छोटे-छोटे नाबालिग बच्चों और युवतियों को ढाल के रूप में इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है, जिससे अपराधियों के मन से पुलिस का खौफ पूरी तरह खत्म होता नजर आ रहा है। नया बाजार जैसे व्यस्ततम क्षेत्र का नशे की मंडी में तब्दील होना स्थानीय नागरिकों के लिए गहरी चिंता और असुरक्षा का विषय बन गया है। नशे की इस भयावह असर अब आम परिवारों के भीतर देखने को मिल रहा है, जहां स्मैक और गांजे की गिरफ्त में आए नव युवक अपनी तलब मिटाने के लिए अपराध की राह पर चल पड़े हैं। नशे की खुराक जुटाने के लिए ये युवक अपने ही घरों में मारपीट, गाली-गलौज और चोरी जैसी वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। आलम यह है कि नशे के आदि युवा अपने घरों के जेवर, बर्तन



और यहाँ तक कि राशन का सामान तक बेच रहे हैं, जिसके चलते कई हंसते-खेलते परिवार पूरी तरह उजड़ चुके हैं। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस प्रशासन के ढुलमुल रवैये पर कड़ा रोष व्यक्त करते हुए मांग की है कि केवल दिखावे की कार्रवाई के बजाय नशे के मुख्य सरगनाओं पर शिकंजा कसा जाए।

### इनका कहना है

इस गंभीर मामले को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया का कहना है कि प्रकरण की सघन जांच कराई जाएगी और नया बाजार सहित नगर के अन्य हिस्सों में सक्रिय अवैध नशे के कारोबारियों को चिन्हित कर उन पर कठोरतम वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# स्वच्छता अभियान को लगा पलीता, कचरे के ढेर में तब्दील हुई देवरी कला ग्राम पंचायत



गोटेगांव। तहसील क्षेत्र के अंतर्गत एक ओर जहां स्वच्छता अभियान के नाम पर ग्राम पंचायतों में दीवारों पर नारे लिखकर लोगों को जागरूक करने का दावा किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर ग्राम पंचायत देवरी कला स्वच्छता के मामले में पूरी तरह पिछड़ी नजर आ रही है। स्थिति यह है कि खुद पंचायत भवन के सामने का मैदान बड़ी-बड़ी घास और झाड़ियों से भरा पड़ा है, जिसे साफ करने की दिशा में पंचायत प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। पंचायत आने-जाने वाले लोग इसी गंदगी के बीच से गुजरने को मजबूर हैं।

जब पंचायत भवन की चौखट पर ही सफाई का यह हाल है, तो पूरे गांव की स्थिति का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। गांव में स्वच्छता के प्रति सजगता कहीं दिखाई नहीं देती। हालांकि पंचायत ने गांव में कचरा दान का निर्माण तो कराया है, लेकिन उनकी नियमित सफाई न होने के कारण वे पूरी तरह कचरे से लबालब भर चुके हैं। कचरा दान से बाहर निकलकर गंदगी अब सड़कों पर बिखर रही है।

सड़क किनारे फैले इस कचरे और उससे उठने वाली दुर्गंध के कारण वहां से गुजरने वाले राहगीरों और स्थानीय निवासियों का जीना मुहाल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि कागजों और दीवारों पर लिखे नारों से गांव साफ नहीं होता, इसके लिए धरातल पर काम करने की जरूरत है। ग्रामीणों ने मांग की है कि कचरा दानों की तत्काल सफाई कराई जाए और पंचायत परिसर को स्वच्छ बनाया जाए।

### स्वयं एग्जीबिशन का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। केन्द्र सरकार की मंशा के अनुरूप नई सोच हमारी कल्पना महिला मंडल द्वारा अनेक कार्य किए जा रहे हैं। जिसका मुख्य उद्देश्य है स्वयं के लिए, स्वयं और स्वयं हेतु कार्य को प्रोत्साहित करना है। इसे लेकर नरसिंहपुर में एक्जीविशन स्वयं आयोजित होगा। उक्त जानकारी नई सोच हमारी कल्पना महिला मंडल की अध्यक्ष डॉ. कल्पना मिश्रा ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि आयोजित एक एक्जीविशन जिसका नाम स्वयं दिया गया है उद्देश्य है स्वयं का स्वयं के लिए, स्वयं के द्वारा, जिसका आयोजन 16 से 19 जनवरी को जिला पंचायत ग्राउंड पर आयोजित किया जायेगा। जिसमें अनेक स्टाल लगाए जायेंगे। जो स्टाल लगाना चाहते हैं वे हमसे संपर्क कर सकते हैं। मंडल की उपाध्यक्ष दीपिका कपूर एवं चाहत पचौरी व भारती ठाकुर ने बताया कि यह प्रदर्शनी एम.एस.सी. एमएसएमई सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आयोजित की जा रही है। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य स्वदेशी उत्पादों, स्थानीय उद्यमों तथा आत्मनिर्भर भारत की भावना को प्रोत्साहित करना है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से महिला उद्यमिता, नवाचार, हस्तशिल्प, घरेलू उद्योगों तथा लघु व्यवसायों से जुड़े विभिन्न उत्पादों को एक ही मंच पर प्रस्तुत किया जाएगा। यह आयोजन न केवल उद्यमियों को अपने उत्पाद प्रदर्शित करने का अवसर देगा, बल्कि आम जनता को भी गुणवत्तापूर्ण एवं स्वदेशी वस्तुओं से रूबरू होने का सुअवसर प्रदान करेगा।



# कांग्रेस का कड़कड़ाती ठंड में धरना जारी प्रशासन की चुप्पी पर जताया आक्रोश



नरसिंहपुर। जिले के बरमान रेतघाट में एक युवक के साथ हुई मारपीट के मामले में जिला पंचायत सीईओ पर कार्रवाई की मांग को लेकर कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन दूसरे दिन मंगलवार को भी जारी रहा। प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस कदम न उठाए जाने से कार्यकर्ताओं में नाराजगी और अधिक बढ़ गई है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता पटेल के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट परिसर में डटे हुए हैं। कड़ाके की ठंड के बावजूद कार्यकर्ताओं ने सिगड़ी जलाकर पूरी रात धरना स्थल पर ही गुजारी और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।धरना स्थल पर चर्चा करते हुए जिला अध्यक्ष सुनीता पटेल ने बताया कि आंदोलन को 24 घंटे से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस ने पहले ही लिखित रूप में प्रशासन को सूचित कर दिया था कि यदि संबंधित अधिकारी अपनी गलती पर खेद प्रकट करते हुए सार्वजनिक रूप से क्षमा मांग लें, तो इस मामले को समाप्त किया जा सकता है। इसके बावजूद प्रशासन की ओर से कोई पहल नहीं की गई है।सुनीता पटेल ने आरोप लगाया कि मामले से जुड़े वीडियो और बयान सामने आने के बाद भी प्रशासन इसे गंभीरता से नहीं ले रहा है। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई किसी व्यक्तिगत द्वेष के लिए नहीं, बल्कि प्रशासनिक जवाबदेही और आम नागरिक के सम्मान के लिए है। धरना स्थल पर मौजूद कार्यकर्ताओं का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक यह आंदोलन अनवरत जारी रहेगा। फिलहाल प्रशासनिक अधिकारियों की ओर से कोई आश्वासन नहीं मिलने के कारण गतिरोध बरकरार है।

# विकासखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



तेंदूखेड़ा। विगत दिनों विकासखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय चांवरपाठा मंद जिला परियोजना समन्वयक मनीष चौकसे समीर त्यागी नरसिंहपुर तथा विद्यालय प्राचार्य के पी साइलवार की उपस्थिति में किया गया।सरस्वती पूजन के उपरांत वी आर सी द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए कहा इस प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि जगाना और वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना था। प्रदर्शनी में चांवरपाठा विकासखंड के सभी 9 जन शिक्षा केन्द्रो के कक्षा 6 से 8 तक के कुल 102 छात्रों ने भाग लिया जिसमें गणित के 13 विज्ञान के 25 सामाजिक विज्ञान 18 गायन 4 सेमिनार 3 एवं प्रश्नमंच 14 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।इस अवसर पर जिला परियोजना समन्वयक मनीष चौकसे ने बताया कि ऐसी प्रदर्शनियां छात्रों को विज्ञान के विभिन्न पहलुओं को समझने के लिए प्रेरित करती हैं। इससे उनमें विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ती है। सृजनात्मकता और नवाचार क्षमता का विकास होता है। साथ ही छात्रों को समस्या समाधान कौशल विकसित करने और नई वैज्ञानिक तकनीकों को सीखने में भी मदद मिलती है। जिला परियोजना सह समन्वयक समीर त्यागी ने बताया कि इस विज्ञान मेले का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करना और प्रयोगों के जरिए अंधविश्वास को दूर करना है। नाटिकाओं और मॉडलों के माध्यम से बच्चों ने यह संदेश दिया कि हर घटना का वैज्ञानिक कारण होता है। इस नाटिका का उद्देश्य समाज में अंधविश्वास के प्रति जागरूकता फैलाना था। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी विद्यार्थी अब जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में चांवरपाठा विकासखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# किसान जन आंदोलन यात्रा के तहत उठाईं किसानों की समस्याएं

### गांव-गांव पहुंची यात्रा पूर्व विधायक ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

तेंदूखेड़ा। विगत दिनों म प्र कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान के आह्वान पर संपूर्ण प्रदेश में किसान यात्रायें निकाली जा रही है। जिनमें किसानों से जुड़ी समस्याओं को समावेश करते हुए गेहूं और धान का एम एस पी 4 रुपए हजार और सोयाबीन का छ हजार प्रति क्विंटल करने मक्का की समर्थन मूल्य पर खरीदी सुनिश्चित करने आलू प्याज लहसुन टमाटर का भी समर्थन मूल्य तय करने नकली खाद बीज बेचने वाले विक्रेताओं पर कठोर एवं दंडात्मक कार्यवाही किये जाने किसानों को जरुरत के हिसाब से पर्याप्त मात्रा में खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने भूमी अधिग्रहण कानून में बाजार मूल्य का चार गुना मुआवजा निर्धारित करने लैंड पोलिंग एक्ट समाप्त करने चिंनकी वैराज सिंचाई परियोजना में छूटे हुए गांवों को शामिल किए जाने तथा कृषि उपज मंडी को सुचारू किये जाने को शामिल किया गया है। किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संतोष पटेल एवं व्लाक अध्यक्ष विपिन राजपूत ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि इस यात्रा का शुभारंभ चांवरपाठा विकास खंड के ग्राम काशीखैरी से पूर्व विधायक संजय शर्मा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दीवान शैलेन्द्र सिंह पंचायती राज की अध्यक्ष मोना कौरव के द्वारा हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया गया।काशी खैरी से रवाना होकर यह यात्रा छत्तरपुर बिल्थारी कढैली काचरकोना पीपरवानी ढिलवार भौंरा होते हुए ग्राम ग्वारी में जाकर संपन्न हुई।इस मौके पर गांव गांव हुई नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से स्थानीय कार्यकर्ताओं पूर्व विधायक संजय शर्मा दीवान शैलेन्द्र सिंह ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश पटेल मोना कौरव किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संतोष पटेल ने संबोधित करते हुए किसानों की समस्याओं को उठाते हुए वर्तमान समय में किसानों की दयनीय स्थिति तथा स्थानीय समस्याओं को प्राथमिकता से उठाया। किसान आंदोलन यात्रा में सत्यव्रत कौरव प्रीतम सिंह जगदीश पंडा रामशंकर कठोनिया महेंद्र पटेल विश्वनाथ सिंह चौधरी रविशंकर पटेल शिवराज पटेल डा राजेश साहू यशवंत आचार्य धनराज पटेल भैयाराम पटेल परमेश्वर पटेल विनोद शुक्ला हृदेश पाली शंकर पटेल सिद्धार्थ पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

